# यूपीईएस ने 7वीं इंटरनेशल कॉफ्रेन्स का किया आयोजन



देहरादून, 17 नवम्बर (स.ह.) : देहरादून स्थित मल्टीडिसीप्लीनरी यूनीवर्सिटी यूपीईएस ने इंटर यूनीवर्सिटी एक्सलरेटर सेंटर, के साथ मिलकर 7वीं इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस ऑन नैनोस्ट्रक्चरिंग बाय आयन बीम्स का आयोजन किया है। यह सम्मेलन नैनोटैक्नोलॉजी के क्षेत्र में एडवांस रिसर्च पर केंद्रित विचार-विमर्श को बढ़ावा देने के साथ-साथ इस क्षेत्र के जाने-माने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों को भी एकजुट करेगा। आईसीएनआईबी 2023 का एजेंडा काफी विस्तृत है जिसमें आयन बीम्स द्वारा नैनोस्ट्रक्चरिंग के क्षेत्र में गहन विचार-विमर्श शामिल है। साथ ही, इसमें नैनोमैटिरियल डेवलपमेंट एंड मोडिफिकेशन में एनर्जेटिक आयन्स की महत्वपूर्ण भूमिकाओं को भी टटोला गया, और इस क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों के बारे में इनोवेटिव समाधान भी सुझाए गए। आईसीएनआईबी 2023 में प्रो.पैट्रिक क्लूथ (आस्ट्रेलियन नेशनल यूनीवर्सिटी), प्रो.शु सेकी (क्योटो यूनीवर्सटी), डॉ मुकेश रंजन (आईपीआर अहमदाबाद) तथा डॉ पेंग (सरें आयन बीम लैबोरेट्री) शामिल थे जिन्होंने बीम टैक्नोलॉजी और उसके अनेक क्षेत्रों में प्रयोगों के बारे में जानकारी दी।